<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय में ओरियंटेशन टू आईल्स पर कार्यशाला आयोजित</u>

पंतनगर। 30 मई 2022। विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय में एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा तंबाकू निषेध दिवस पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने जीवन भर तंबाकू का सेवन ना करने की शपथ ली। इसके पश्चात एनएसएस स्वयंसेवकों ने गृहविज्ञान महाविद्यालय से छोटी मार्केट, टा कालोनी तक रैली निकाली एवं नारे लगाकर तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों से जन समुदाय को अवगत कराया। स्वयंसेवकों ने लोगों को तंबाकू के खतरे से भी अवगत कराया। विश्व तंबाकू निषेध दिवस प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व भर में तंबाकू को प्रतिबंधित करने के लिए मनाया जाता है। तंबाकू सेवन से हर वर्ष कई व्यक्तियों की मृत्यु हो जाती है एवं बहुत से व्यक्ति तंबाकू का सेवन करने से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजन अधिकारी, श्रीमती सोनू रानी के मार्गदर्शन में किया गया।

एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस रैली निकालते।